प्रेस नोट जनपद फतेहपुर दिनांक 01.10.2024 थाना साइबर क्राइम पुलिस थाना से 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार -

साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा साइबर अधिकारी एवं क्राइम ब्रांच ऑफीसर के नाम पर फोन कॉल कर मोबाइल पर पोर्न वीडियो देखने व एफआईआर दर्ज होने की बात बताकर टीम भेजकर उठवा लेने की धमकी देकर रूपये ऐठने में संलिप्त गिरोह का साइबर अपराधी गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी अपराध के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत घटित घटनाओं के त्वरित अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना फतेहपुर पर वादी श्री विजयपाल की सूचना पर पंजीकृत अभियोग अ0सं0 17/24 धारा 308(7), 318(4), 316(2), 61(2) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट का सफल अनावरण कर संकलित साक्ष्य के आधार पर घटना में संलिप्त गिरोह के एक अभियुक्त निखिल सिंह को थाना लालगंज रायबरेली क्षेत्र से गिरफ्तार कर विधिक अनुक्रम में माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक 30.09.2024 समय 21.15 बजे स्थान- ग्राम मटेहना थाना लालगंज जनपद रायबरेली।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता – 1. निखिल सिंह पुत्र श्यामसुन्दर निवासी ग्राम मटेहना थाना लालगंज जनपद रायबरेली उम्र 19 वर्ष।

बरामदगी- 1. एक अदद मोबाइल फोन वीवो कम्पनी

महत्वपूर्ण तथ्य-

1. अभियुक्त निखिल सिंह शिक्षित है तथा वर्तमान में कम्प्यूटर कोचिंग करता है।
2. अभियुक्त निखिल सिंह साइबर अपराध के संगठित गिरोह का सदस्य है।
3. इस गिरोह द्वारा आमजनमानस को अलग-अलग मो0 नम्बरो से फोन कर स्वयं को साइबर अधिकारी एवं क्राइम ब्रांच का बताकर मोबाइल पर पोर्न वीडियो देखने के सम्बन्ध में एफआईआर पंजीकृत होने तथा टीम भेजकर उठवा लेने की धमकी देकर बचाव हेतु रूपये रूपये की मांग की जाती है।
4. अभियुक्तगण द्वारा शिकायतकर्ता को धमकाकर रूपये 57700 का ट्रांजैक्शन कराया गया जिसमें तीस हजार 30187 रूपये होल्ड कराया गया है।
5. अभियुक्तगण द्वारा ट्रांजैक्शन की धनराशि जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से कैश करा ली जाती है जिसके प्रतिक्रिया स्वरूप जनसेवा केन्द्रो के संचालको के बैंक खाते भी फ्रीज/ होल्ड हो जाते है।
6. अभियुक्तो द्वारा सीधे साधे नागरिको को धोखा देकर उनके बैंक खाते/ मोबाइल नम्बर प्राप्त कर स्वयं संचालन किया जाता है।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 17/24 धारा 308(7), 318(4), 316(2), 61(2) बीएनएस तथा 66 डी आईटी एक्ट साइबर क्राइम थाना जनपद फतेहपुर।

NCRP पोर्टल से सम्बन्धित अन्य लिंक (खाता/मोबाइल) शिकायतों का विवरण-

2. NCRP शिकायत संख्या – 23109240112847 शिकायतकर्ता श्री विजेन्द्र सिंह जनपद आगरा।
3. NCRP शिकायत संख्या – 23109240109717 शिकायतकर्ता श्री रोहित यादव जनपद अमेठी।
4. NCRP शिकायत संख्या – 33708240044100 शिकायतकर्ता श्री शोभित हैदराबाद तेलंगाना।
5. NCRP शिकायत संख्या – 33109240114099 शिकायतकर्ता श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कानपुर नगर।
6. NCRP शिकायत संख्या – 33108240103555 शिकायतकर्ता श्री दिलीप जनपद प्रतापगढ।
7. NCRP शिकायत संख्या – 23109240111117 शिकायतकर्ता श्री विजयपाल जनपद फतेहपुर।

गिरफ्तारी करने वाली टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद फतेहपुर।
2. उ0नि0 रणधीर सिंह, साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद फतेहपुर।
3. का0 प्रवीन सिंह, साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद फतेहपुर।